# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

## BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES

मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार)

Tel-0612-2356912, 2356913, Email-registrarbuhs-bih@gov.in, website:buhs.ac.in

सूचना सं॰–संब॰–6019 / 2023– 804 पटना, दिनांक– 28/06/2024

## आवश्यक सूचना

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम 2021 तथा विश्वविद्यालय के प्रथम परिनियम में निहित प्रावधान एवं स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं॰–107(1) दिनांक 17.02.2023 के आलोक में बिहार राज्य अंतर्गत संचालित / विद्यमान सभी गैर–सरकारी चिकित्सा / दंत / आयुर्वेदिक / होमियोपैथिक / यूनानी / फार्मेसी / नर्सिंग / पारा–मेडिकल एवं स्वास्थ्य विज्ञान प्रक्षेत्र के अन्य ऐसे महाविद्यालय / संस्थान, जिन्हें सत्र 2023–24 में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबद्धता प्राप्त है, को सूचित किया जाता है कि UG & PG कोर्स सत्र 2024–25 हेतु संबद्धता के अवधि विस्तार (Renewal/Extension of Affiliation) के लिए एवं सत्र–2024–25 के लिए नयी संबद्धता प्राप्त करने के लिए आवेदन **दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 26.07.2024 तक** विश्वविद्यालय में प्राप्त किया जायेगा।

**सत्र 2024–25 के लिए UG & PG कोर्स की संबद्धता के अवधि विस्तार (Renewal/Extension of Affiliation) हेतु** आवेदन प्रपत्र की साफ्ट कॉपी दिनांक **05.07.2024** से विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.buhs.ac.in से डाउनलोड की जा सकती है तथा इसे कम्प्यूटर से टंकित कराकर विश्वविद्यालय में सभी अनुलग्नकों एवं निर्धारित शुल्क सहित दिनांक **26.07.2024** तक जमा किया जा सकता है। प्रत्येक कोर्स हेतु संबंधित संस्थान द्वारा अलग–अलग फार्म भरा जायेगा अर्थात एक कोर्स के लिए एक फार्म तथा शुल्क तालिका के क्रम संख्या–10, 11 एवं 12 पर अंकित शुल्क के साथ विश्वविद्यालय में जमा किया जायेगा। सत्र 2023–24 हेतु औपबंधिक संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय / संस्थान, जिन्होंने विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 का सभी प्रकार का शुल्क एवं Edowment Fund का FDR जमा कर दिया है, उनके ही आवेदन पर सत्र 2024–25 के लिए संबद्धता देने पर विचार किया जायेगा।

**सत्र 2024–25 में UG & PG कोर्स की नयी संबद्धता (Fresh Affiliation)** हेतु आवेदन प्रपत्र (Application Form) Bihar University of Health Sciences, Patna-Affiliation Fund के पक्ष में भुगतेय रू॰ 5000 / – (रूपये पांच हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (Payable at Patna) जमा कर दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 26.07.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है तथा **दिनांक 26.07.2024** तक भरा हुआ आवेदन पत्र (Application Form) प्रत्येक कोर्स हेतु संबंधित संस्थान द्वारा अलग–अलग फार्म भरकर अर्थात् एक कोर्स हेतु एक फार्म भरकर विश्वविद्यालय में आवश्यक कागजातों एवं शुल्क के साथ जमा किया जा सकता है।

कुलपति के आदेशानुसार,

वि.कु.झा 28/6/2024

**(विमलेश कुमार झा)**
कुलसचिव
बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**ज्ञापांक– संबं०–6019/2023–** 804 / **पटना, दिनांक** 28.06.2024.

प्रतिलिपि– सभी संबद्ध गैर–सरकारी महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– कुलपति के निजी सचिव, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28/6/2024.

कुलसचिव
बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES
PATNA
ESTD 2022
॥ स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम् ॥